राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2024/ दिनांकः

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय/विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक सेमेस्टर–I की सतत मूल्यांकन (Mid Term Examination/ Continuous Assessment) परीक्षा दिसम्बर, 2023 (Held in January, 2024) के अंक ऑनलाइन अपलोड करने बाबत्।

संदर्भः विश्वविद्यालय पत्रांक उ.कु./गोप. प्रथम/2023/1544 दिनांक 03.11.2023 तथा उ.कु./गोप. प्रथम/2023/4405 दिनांक 29.11.2023

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के सम्बन्ध में सूचित कर लेख है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक सेमेस्टर–I परीक्षा दिसम्बर, 2023 (Held in January, 2024) में प्रविष्ट होने वाले परीक्षार्थियों की सतत मूल्यांकन (Mid Term Examination/ Continuous Assessment) के अंक विश्वविद्यालय परीक्षा पोर्टल www.univraj.org पर College Pannel के माध्यम से दिनांक 12.01.2024 तक अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

साथ ही उक्त अवार्ड्स की हॉर्डकॉपी दिनांक 16.01.2024 तक आवश्यक रूप से गोपनीय अनुभाग को भिजवाये। यदि आपके विभाग/महाविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित छात्रों के अंकों को New TRF करके दर्ज किया जाता है तो उन छात्रों की सूची अनिवार्य रूप से कार्यालय को पत्र के माध्यम से प्रेषित करें। विभाग/महाविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित छात्रों के अंकों को मैनुअल/ऑफलाइन भेजे जाते हैं, तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुये इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा।

नोटः नियमित छात्रों को पाठ्यक्रम के सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) की पात्रता हासिल करने के लिए विद्यार्थी को सतत मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (C-GRADE) (40 प्रतिशत) अंक तथा न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अर्जित करना आवश्यक होगा, इसके बावजूद भी यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को ऑनलाइन अग्रेषित कर दिया जाता है तो उसके लिए महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2024/1558-1607 दिनांकः 08.01.2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करें।
2. जनसंपर्क अधिकारी, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।
3. उपकुलसचिव, परीक्षा संचालन, रा.वि.वि., जयपुर।
4. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि., जयपुर।
5. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा–निर्देश परीक्षा केन्द्र के पोर्टल एवं ई–मेल आईडी पर भी भिजवाये।

8.1.2024

उप–कुलसचिव
(परीक्षा गोपनीय)